# मइया तुझे पुकारता हूँ मैं | By Hari Sharma |

**माँ मेरी माँ, भोली माँ, आजा माँ**
**माँ मेरी माँ, भोली माँ, आजा माँ**

मइया तुझे पुकारता हूँ मैं
अपना जीवन ये रो रो गुज़ारता हूँ मैं
मइया तुझे पुकारता हूँ मैं

जबसे होश संभाला मैंने
धोखा ही खाया
जिसको अपना समझा मैंने
समझे हैं ठुकराया

भीगी आँखों से तुझको
निहारा हूँ मैं
मइया तुझे पुकारता हूँ मैं

सबका होना चाहा मैंने
कोई हुआ न मेरा
स्वार्थ के रिश्तों ने मुझको
चारों ओर से घेरा

झूठे रिश्तों का बोझा
उतारता हूँ मैं
मइया तुझे पुकारता हूँ मैं

नहीं है कोई सहारा मेरा
मुझको सहा दे दो
बीच भंवर में मेरी नैया
उसको किनारा दे दो

हूँ अकेला तभी तो
माँ हारता हूँ मैं
मइया तुझे पुकारता हूँ मैं

खोल के मइया तुझको मैंने
अपना दिल दिखलाया
अपनी तकलीफों का 'हरि' मैं
सारा हाल सुनाया

मुझको अपना लो दामन
पसारता हूँ मैं
मइया तुझे पुकारता हूँ मैं

**मइया तुझे पुकारता हूँ मैं**
**अपना जीवन ये रो रो गुज़ारता हूँ मैं**
**मइया तुझे पुकारता हूँ मैं**

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%87%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-by-h/